# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय


सिविल लाइन्स, गोरखपुर–273001

सम्बद्ध : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर


# दिगंत


**ई-पत्रिका:जनवरी-2024**





उत्तर प्रदेश शासन द्वारा 'अ' श्रेणी में वर्गीकृत


**Website** : [www.dnpgcollege.edu.in](http://www.dnpgcollege.edu.in)
**Helpline Email** : dnpgonline@gmail.com

**Office Email** : dnpggkp@gmail.com
**Contact Number** : 0551-2334549


For Social App links (Click one icon) :



# दिगंत-ई-पत्रिका:जनवरी-2024

## संरक्षक मण्डल



परमपूज्य गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ जी महाराज

## मुख्य संरक्षक



**प्रो.उदय प्रताप सिंह**

अध्यक्ष, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद, गोरखपुर



**श्री प्रमोद कुमार चौधरी**

उपाध्यक्ष, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद, गोरखपुर

## सम्पादक मण्डल



प्रो. ओम प्रकाश सिंह,प्राचार्य

## प्रधान सम्पादक

1. **डॉ. सुभाष चन्द्र,** सहायक आचार्य, बी.एड. विभाग
2. **डॉ. विभा सिंह,** सहायक आचार्य, हिन्दी विभाग
3. **डॉ. प्रियंका सिंह,** सहायक आचार्य, राजनीति विज्ञान विभाग
4. **श्री अश्वनी कुमार श्रीवास्तव,** तकनीकी सहायक








January-2024

# कार्यक्रम विवरण-

| क्र.सं. | दिनांक एवं दिन | विभाग का नाम | कार्यक्रम का नाम | पेज नं. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 08.01.2024 सोमवार | राष्ट्रीय सेवा योजना | युवा महोत्सव कार्यक्रम नासिक महाराष्ट्र में विद्यार्थी का चयन | 1 |
| 2. | 12.01.2024 शुक्रवार | बी.एड. विभाग | राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्मार्टफोन का वितरण | 1–3 |
| 3. | 12.01.2024 शुक्रवार | बी.एड. विभाग | राष्ट्रीय युवा दिवस पर गोष्ठी | 3–4 |
| 4. | 23.01.2024 मंगलवार | बी.एड. विभाग | पराक्रम दिवस पर कार्यक्रम | 4 |
| 5. | 26.01.2024 शुक्रवार | महाविद्यालय | गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रम | 5 |

January-2024



## युवा महोत्सव कार्यक्रम नासिक, महाराष्ट्र हेतु सागर चौधरी चयन



दिनांक 08.01.2024 को महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक श्री सागर चौधरी का नेहरू युवा केन्द्र गोरखपुर द्वारा चयन युवा महोत्सव कार्यक्रम में नासिक महाराष्ट्र के लिए हुआ है। यह शिविर 12 जनवरी 2024 से 16 जनवरी 2024 तक आयोजित होगा। इस शिविर का उद्घाटन भारत सरकार के प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी के कर कमलो द्वारा होगा। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने पत्र जारी करते हुए सागर चौधरी को मेहनत, ईमानदारी एवं कर्तव्य निष्ठा का पालन करते हुए शिविर में प्रतिभागिता करते हुए सफल होने के लिए शुभकामना प्रदान की।

## राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्मार्टफोन का वितरण

दिनांक 12.01.2024 को महाविद्यालय के बी.एड् विभाग के व्याख्यान कक्ष में स्वामी विवेकानन्द जी की जन्म जंयती पर 40वां राष्ट्रीय युवा दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश शासन से प्राप्त सूची के अनुसार स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाने हेतु









January/2024

निःशुल्क 203 स्मार्टफोन का वितरण महाविद्यालय के बी.ए, बी.एस–सी. एवं बी.काम. के विद्यार्थियों को दिया गया।

**इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के आई.क्यू.ए.सी समन्वयक प्रो. परीक्षित सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत** के प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरू स्वामी विवेकानन्द का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत्र है। युवाओं के विचाराधारा और जीवन को सही दिशा देने के उद्देश्य से 1985 में भारत सरकार ने स्वामी विवेकानन्द की जन्म जंयती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाने की शुरूआत की। **उक्त कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुभाष चन्द्रा ने किया। प्रो. शुभ्रा श्रीवास्तव ने आभार ज्ञापन किया।**

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर गोष्ठी का आयोजन







**दिनांक 12.01.2024 को महाविद्यालय के शिक्षक–शिक्षा विभाग में राष्ट्रीय युवा दिवस के शुभ अवसर पर स्वामी विवेकानंद जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।**

इस विचार गोष्ठी में बी.एड प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं ने विवेकानंद जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। बी.एड. द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षु रविप्रकाश गुप्ता ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन दर्शन, आध्यात्म एवं धर्मनिरपेक्षता की भावना को आत्मसात करते हुए

सर्वधर्म समभाव एवं समता मूलक समाज की विचारों पर प्रकाश डाला। आभार ज्ञापन बी.एड. प्रथम वर्ष के प्रशिक्षु अनंत कीर्ति आनंद ने किया। इस अवसर पर बी. एड. प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के सभी प्रशिक्षुओं सहित विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ अरुण तिवारी, प्रो. डॉ शुभ्रा श्रीवास्तव, डॉ. सुभाष चन्द्र, श्री प्रदीप कुमार यादव, एवं श्रीमती शालिनी पारीक उपस्थित रहीं।


## नेता जी सुभाष चंद्र बोस के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विचार गोष्ठी एवम् सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**दिनांक 23.01.2024 को महाविद्यालय के शिक्षक–शिक्षा विभाग में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.(डॉ.) ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि** सुभाष चन्द्र बोस जी ही वास्तविक नेता हैं, जिन्हें आज नेता कहते हुए हम सभी को गर्व की अनुभूति होती है तथा हमारा सीना चौड़ा हो जाता है। उनके आह्वाहन पर हजारों लोग आज़ादी की लड़ाई में कूद पड़े। उनके जादुई और अद्भुत नेतृत्व कौशल ने युवाओं को संगठित करके भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम में नयी जान फूकी। **कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य, बी.एड. विभाग के प्रभारी अरुण कुमार तिवारी एवं प्राध्यापकों द्वारा माँ सरस्वती एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया।**









## गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रम





**दिनांक 26.01.2024 को महाविद्यालय में 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर** प्राचार्य **प्रो. ओम प्रकाश सिंह द्वारा झंडारोहण किया गया,** तत्पश्चात **प्रो. परीक्षित सिंह द्वारा उच्च शिक्षा निदेशक के पत्र का वाचन करते** हुए उच्च शिक्षा के उद्देश्य, शिक्षा में नवाचार तथा गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की बात कही।

**महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि 75वां गणतंत्र दिवस के अवसर पर आज देश राममय है।** यह सांस्कृतिक पुनर्जागरण का दूसरा दौर चल रहा है और पूरी दुनिया हमारे 'वसुधैव कुटुम्बकम' के भाव से परिचित हो रही है। हमारा संविधान हम सभी देशवासियों को अपने अधिकारो के साथ –साथ एक नागरिक के रूप में दायित्वों को लेकर भी सजग–सचेत रहने की अपेक्षा करता है।





इस अवसर पर महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें श्रेया तिवारी ने राम आयेगें के धुन पर नृत्य प्रस्तुत किया। इसके साथ ही निधि मिश्रा व आँचल पाण्डेय ने मेरे प्यारे वतन तथा सागर चौधरी ने सबसे आगे होगें हिन्दुस्तानी बोल पर कत्थक नृत्य, राहुल शर्मा ने वंदे मातरम् एवं उजाला निषाद ने ऐसा देश है मेरा बोल पर नृत्य प्रस्तुत कर समा बॉध दिया। **इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी प्रो. अर्चना सिंह ने एवं आभार ज्ञापन डॉ. प्रियंका सिंह ने किया।**

January-2024